झारखण्ड लोक सेवा आयोग

सर्कुलर रोड, रांची–834001

प्रेस विज्ञप्ति

झारखण्ड न्यायिक सेवा अन्तर्गत सिविल जज (जूनियर डिवीजन) मुख्य प्रतियोगिता परीक्षा (विज्ञापन संख्या–12/2018) के संबंध में अभिलेख सत्यापन एवं साक्षात्कार हेतु संशोधित कार्यक्रम के संबंध में आवश्यक सूचना।

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि झारखण्ड न्यायिक सेवा सिविल जज (जूनियर डिवीजन) सीधी भर्त्ती (विज्ञापन संख्या–12/2018) मुख्य प्रतियोगिता परीक्षा (लिखित) में सफल उम्मीदवारों का अभिलेख सत्यापन एवं साक्षात्कार हेतु दिनांक–06.12.2019 को निर्गत प्रेस विज्ञप्ति के क्रम में कहना है कि दिनांक–02.01.2020 से दिनांक–09.01.2020 तक अभिलेख सत्यापन एवं दिनांक–03.01.2020 से दिनांक–10.01.2020 तक साक्षात्कार हेतु निर्धारित कार्यक्रम अपरिहार्य कारणों से संशोधित किया जाता है जो आयोग के वेबसाईट www.jpsc.gov.in पर उपलब्ध है।

2. उपर्युक्त संदर्भ में अभिलेख सत्यापन एवं साक्षात्कार हेतु उम्मीदवार अपना यथा संशोधित e-Call Letter दिनांक–05.01.2020 से पहले आयोग के वेबसाईट www.jpsc.gov.in में अपना रजिस्ट्रेशन नं0 एवं जन्मतिथि डालकर डाउनलोड कर सकेंगे। उम्मीदवार e-Call Letter में निदेशित वांछित अभिलेखों के साथ आयोग कार्यालय में ससमय उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे। उम्मीदवारों को Call Letter डाक द्वारा नहीं भेजे जायेंगे।

3. आयोग के वेबसाईट से e-Call Letter डाउनलोड नहीं होने की स्थिति में आयोग के हेल्पलाईन नं0–**0651–2213009/2220111/9431301419/9431301636** पर कार्यदिवस में पूर्वाह्न–11:00 बजे से अपराह्न–5:00 बजे तक सम्पर्क कर सकते है।

4. यदि कोई अभ्यर्थी किसी कारणवश वेबसाईट से अपना e-Call Letter प्राप्त नहीं कर पाते हैं तो वे आयोग के पूछताछ काउन्टर पर **दिनांक–05.01.2020 से पहले कार्यालय अवधि में अपना रजिस्ट्रेशन नं0 एवं जन्म तिथि** सहित आवेदन देकर प्राप्त कर सकते हैं।

5. प्रेस विज्ञप्ति आयोग के वेबसाईट www.jpsc.gov.in पर उपलब्ध है।

ह0/–

सचिव,

झारखण्ड लोक सेवा आयोग, राँची।